हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 26.9 डिग्री

न्यूनतम 18.8 डिग्री


12 सलिहाभांठा स्कूल में आनंद खेल महोत्सव का...





13 कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर मोतीलाल वोरा को किया याद





# पालिका कर्मियों की हड़ताल समाप्त होने के साथ व्यवस्था पटरी पर

## लोगों ने ली राहत की सांस, नियमित, प्लेसमेंट और स्वच्छता दीदियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका के नियमित, प्लेसमेंट और स्वच्छता दीदियों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। इन सभी की हड़ताल से पालिका कार्यालय में नागरिकों के काम अटक रहे थे वहीं शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गई थी। कर्मचारियों के काम पर लौटने के बाद जनता ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांग को लेकर 19 नवंबर से प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर थे। महासमुंद नगर पालिका में कुल 157 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं जिनमें से 37 सफाई कर्मी हैं। ये सभी लगभग एक माह से कार्य पर नहीं आ रहे थे। जिससे सफाई व्यवस्था पहले ही प्रभावित थी। इधर, 11 दिसंबर से 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नियमित कर्मचारी भी हड़ताल पर चले गए। नियमित कर्मचारियों में 22 सफाई कर्मचारी हैं। इनकी हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। आलम यह है कि शहर की नालियां कचरों से जाम पड़ गई थी शहर के कई स्थानों पर कचरा जाम हो गया था क्योंकि 9 दिसंबर से स्वच्छता दीदियां भी हड़ताल पर थीं। शहर में सफाई न होने से जनता परेशान थी। नालियां जाम होने से उसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। लोग घरों का एकत्रित कचरा खाली जगहों या इधर-उधर फेंकने मजबूर थे।



### कुछ मांगों पर सहमति बनी, तो कुछ पर विचार होगा

नवनियुक्त कर्मचारी-अधिकारी संघ अध्यक्ष सुरेश तिवारी के अनुसार उनकी 5 सूत्रीय मांग थी जिस पर 2 बिंदुओं पर पूर्ण सहमति बनी तथा 3 पर विचार तथा प्रस्ताव की बात कही गई है। इनमें से अनुकंपा नियुक्ति के लिए आदेश भी जारी हो चुका तथा पुरानी पेंशन योजना पूर्ववत लागू की जाएगी। वहीं, ट्रेजरी के माध्यम से वेतन पर विचार किया जाएगा। लेकिन, वेतन सही समय पर मिलेगा। 6वां तथा 7वां वेतनमान तथा पदोन्नति पर नए सेटअप के आधार पर विचार किया जाएगा। इधर, प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग भी मानी गई है। अब प्लेसमेंट कर्मचारियों को ठेकेदार नहीं बल्कि, संचालनालय से सीधे वेतन मिलेगा, उन्हें काम से नहीं निकाला जाएगा। 4 हजार रुपए सम्मान निधि पर विचार किया जाएगा। साथ ही हड़ताल अवधि का वेतन नहीं काटा जाएगा। स्वच्छता दीदियों की भी अनेक मांग पूर्ण की गई है। इसमें रोस्टर के अनुसार उन्हें सप्ताह में 1 दिन छुट्टी मिलेगी। रिक्शा की मरम्मत निकाय कराएगी। वेतन से काटी गई राशि सालाना बोनस के रूप में मिलेगी। इसके अलावा 7200 सौ वेतन में 800 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई। हड़ताल अवधि का वेतन नहीं काटा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बागबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आज से

**बागबाहरा।** नगर में 108 पोथी श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ आज से प्रारंभ हो रहा है। 22 से 30 दिसम्बर तक आयोजित यह कार्यक्रम अंचल सहित जिले में पहली बार हो रहा है। जिसमें 108 यजमान उनके 108 परायणकर्ता पंडित भाग ले रहे हैं। आज दोपहर एक बजे दुर्गा मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। इसके कथावाचक पं. बसंत दुबे होंगे। नगर में पहली बार हो रहे भव्य कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के सर्व यजमान एवं भक्तगणों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थानीय अग्रसेन भवन के सामने विशाल मैदान में हो रहा है। आयोजन समिति के सदस्य यजमान व नागरिकगण स्थल को व्यवस्थित बनाने में जुटे है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार कथा का समय प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायंकाल तक है।

### 8वीं के छात्र के साथ मारपीट, केस दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खरोरा बस्ती तालाब के पास नाबालिग बालक के साथ मारपीट करने के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, नाबालिग बालक 8वीं कक्षा में पढ़ता है। वह अपने दोस्त के साथ मेला देखकर लौट रहा था, इसी दौरान आरोपी ने उसे रुकने के लिए कहा, नहीं रुकने पर आरोपी ने कॉलर को पकड़कर अश्लील गाली गलौज कर अपने दाहिने हाथ में रखे बांस के डंडे से मारपीट की पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## गबन : महासमुंद शहर की प्रीमियम शराब दुकान में गड़बड़ी का मामला


# शराब दुकान में 36 लाख से ज्यादा की गड़बड़ी, चार के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के प्रीमियम शराब दुकान में आबकारी विभाग द्वारा जांच के दौरान पाई गई गड़बड़ी के मामले में 4 लोगों के खिलाफ गबन का मामला सिटी कोतवाली में दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त महासमुंद दीपक कुमार ठाकुर पिता शिवाजी ठाकुर ने प्रीमियम शराब दुकान में गड़बड़ी की जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराई है। ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 17 एवं 19 दिसंबर को प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान महासमुंद निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान स्कंध के अनुसार कुल राशि 36,90,790 रुपए की शराब भौतिक निरीक्षण में नहीं होना पाया गया। जांच में पाया गया कि प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर सोल्यूशन लिमिटेड के कर्मचारी मुख्य विक्रयकर्ता अमित राय, विक्रयकर्ता गौरी शंकर सेन, विक्रयकर्ता तुकेश दीवान एवं मल्टीपर्पस वर्कर लक्ष्मीनारायण साहू के द्वारा विक्रय दिए गए शराब को एक राय होकर धोखाधड़ी पूर्वक अवैध लाभ अर्जन करने की नीयत से विक्रय की कुल राशि 36,90,790 रुपए का गबन कर लिया गया है।

## अवैध लाभ अर्जन करने की नीयत से विक्रय की कुल राशि 36,90,790 रुपए का गबन




### इस तरह देते थे ऑडिटर को चकमा

ऑडिट के अनियमितता नही पाए जाने के सवाल पर कर्मचारियों ने बताया कि 5 दिसंबर को ऑडिटर के प्रतिनिधि फागेश्वर सिन्हा के द्वारा ऑडिट किया गया। ऑडिट के दौरान कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने मोबाईल में संग्रहित मदिरा की बोतलों के होलोग्राम की फोटो स्कैन कर दी जाती थी, जिससे ऑडिट रिपोर्ट में अंतर दिखलाई नहीं पड़ता था।

### इनके खिलाफ दर्ज किया गया मामला

मुख्य विक्रयकर्ता अमित राय, विक्रयकर्ता गौराशंकर सेन, तुकेश दीवान व मल्टीवर्कर लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा राशि 3690790 रुपए का गबन किया गया। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 316, 318(3), 318(4)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### यहां पाया गया अंतर

जांच के दौरान परमिट अनुसार मदिरा का स्कंध मिलान पर व दैनिक मदिरा विक्रय की राशि व भौतिक सत्यापन में प्राप्त मदिरा स्कंध में आई कमी व दैनिक मदिरा विक्रय राशि में आई अचानक बढोत्तरी पर दैनिक मदिरा हिसाब पंजी अनुसार विक्रय राशि 17 दिसंबर की राशि 39,02,140 रुपए होना पाया गया। जबकि दुकान की वास्तविक बिक्री 2,11,350 रुपए थी। जिसमें नगद विक्रय राशि 108850 रुपए व पीओएस मशीन से प्राप्त विक्रय राशि 1,02,500 रुपए होना पाया। दुकान में उपलब्ध मदिरा का भौतिक सत्यापन करने पर व विक्रय की राशि का मिलान व परमिट का मिलान, ट्रांसफर परमिट का मिलान, परिवहन टूट-फूट का मिलान करने पर दुकान में 36,90,790 रुपए का अंतर पाया गया। उक्त राशि गबन के संबंध में दुकान में उपस्थित कर्मचारियों विक्रयकर्ता गौरी शंकर सेन, विक्रयकर्ता तुकेश दीवान एवं मल्टीपर्पस वर्कर लक्ष्मीनारायण साहू ने पूछताछ करने पर बताया कि सभी कर्मचारी उक्त कृत्य में संलिप्त रहे हैं व विक्रय राशि जो कि दुकान से अधिक होता था। उसमें से कुछ हिस्सा रखकर, शेष राशि को दुकान की विक्रय राशि बनाकर बैंक में जमा किया जा रहा था। यह कार्य मदिरा दुकान में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से मुख्य विक्रयकर्ता अमित राय के निर्देश पर किया जाना स्वीकार किया गया। समस्त कर्मचारियों विक्रयकर्ता गौरी शंकर सेन, विक्रयकर्ता तुकेश दीवान एवं मल्टीपर्पस वर्कर लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा स्वीकार किया।

# धान संग्रहण केंद्रों का औचक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने शनिवार सुबह 10 बजे धान संग्रहण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न केंद्रों पर स्टेकवार आवक पंजी, समितिवार आवक पंजी, गेट पास और डीएम पर्चियों की गहन जांच की गई। उन्होंने सभी संग्रहण केंद्रों को सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक और राजस्व मंडी अधिकारी उपस्थित थे।

मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए एसडीएम ने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि संग्रहित धान को सुरक्षित रखने के लिए स्टेक्स को तिरपाल से पूरी तरह ढंका जाए।

निरीक्षण के दौरान सरना पॉइंट और मोटा पॉइंट का मिलान पंजी से किया गया। एसडीएम ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने समिति प्रबंधकों को समय पर सभी दस्तावेज तैयार रखने और किसानों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

# सुशासन सप्ताह, गांवों में लगा समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में बसना जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर और पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत भिथीडीह में सुशासन सप्ताह के तहत जन चौपाल सह समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान और प्रशासन व जनता के बीच संवाद को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, और राशन जैसी बुनियादी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। शिविर में महिला सशक्तिकरण, कृषि योजनाओं और स्वरोजगार के विषयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभ लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने का आश्वासन दिया। यह शिविर सुशासन की अवधारणा को मूर्त रूप देने और शासन-प्रशासन को जमीनी स्तर तक ले जाने का प्रयास था। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहने हुए इसे एक प्रभावी मंच भी बताया।

# 32 का नया पंजीयन, 6 श्रमिकों का नवीनीकरण

## पिथौरा ब्लाक के ग्राम जंघोरा के शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन कर जनसामान्य को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित एवं हितग्राहियों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जंघोरा में पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

शिविर में कुल 32 श्रमिकों का नया पंजीयन किया गया। 6 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, श्रमिक सुरक्षा एवं शिक्षा सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सभी श्रमिकों ने सरकार की नीतियों की प्रशंसा की और अपने पंजीकरण से संबंधित समस्याओं का समाधान भी पाया।





हरिभूमि

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


## 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता पटना बिहार में होगी 24 दिसंबर से

# शालेय रग्बी क्रीड़ा स्पर्धा में शामिल होंगे जिले के 9 खिलाड़ी

**महासमुंद।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पाटलिपुत्र स्टेडियम पटना बिहार में 24 दिसंबर से 02 जनवरी 2025 तक 14/17/19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग में आयोजित किया गया हैं। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की रग्बी टीम में महासमुंद जिले के 09 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम 22 दिसंबर को साऊथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना होगी।

जिले के खिलाड़ियों का चयन जगदलपुर, महासमुंद और बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं। जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा से ईशा पहाड़िया पिता राम लाल, लक्ष्मी खाड़िया पिता शंकर खाड़िया, लोकेश यादव पिता नंद कुमार, दीप्ति पिता मानिक ध्रुव, पब्लिक स्कूल तुमगांव से यथार्थ रात्रे पिता विजेंद्र रात्रे, समीर यादव पिता राजेश कुमार यादव, अजय प्रकाश साहू पिता ओमप्रकाश साहू, रिवर्डल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद से शुभांश पिता मंगेश शर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग से गीतांजलि पिता अश्वनी साहू एवं बालक कोच डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, बालिका कोच अंजू प्रजापति व्यायाम शिक्षक शासकी उमावि तुसदा शामिल हैं।



राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयनित होने नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पार्षद धर्मेंद्र यादव, हर्ष शर्मा, केके साहू, शैलेंद्र सेन, गौतम सिन्हा, पिंटू सिंग, गजेंद्र साहू, जमील कुरैशी, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, बीईओ महासमुंद, हिना ढालेंद्र, प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी, रितेश अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ, प्राचार्य तुसदा महेंद्र सिंह मरकाम एवं समस्त स्टॉफ, प्राचार्य पूजा शर्मा रिवर्डेल वर्ल्ड स्कूल, खेल शिक्षक कौनेन अहमद एवं समस्त स्टाफ, प्राचार्य भोरिंग लोकनाथ दीवान, उमेद्र साहू, जीवन साहू, रामनारायण साहू, कमलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, भुनेश्वरी शुक्ला, तनुश्री देशपांडे, दीप्ति वर्मा, एस दास, संतोष यादव, मानकी कंवर, पूजा साहू, गोपाल साहू, खिलेंद्र साहू, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, गौरव साहू, लिशान्शु साहू, आयुष निर्मलकर, राहुल धीवर, भावेश तारक, विनय यादव, पुष्पेंद्र यादव, पार्थ शर्मा, अभिषेक नेहरू, सेवन साहू, प्रीतम साहू, निवेश मन्नाडे, ममता धीवर, पिंकी धीवर ने हर्ष जताया है।


आवश्यकता है

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

**खबर संक्षेप**

### दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज, आरोपी अज्ञात

**रायपुर।** डीडीनगर थाने की पुलिस ने महिला के मौत मामले में दो माह बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है। रायपुरा स्थित एक कबाड़ी दुकान के पास एक घर में 26 अक्टूबर सुखवंतीन ढीमर की लाश मिली थी। घटनास्थल के पास एक डंडा तथा झाड़ियों में टूटी हुई चूड़ियां मिली थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सुखवंतीन की हत्या का अपराध दर्ज किया है। महिला की हत्या किसने की है, यह अब तक अज्ञात है।

### तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे मार्ग के किनारे सर्विस रोड का होगा चौड़ीकरण

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के ब्रिज के नीचे किनारे की ओर सर्विस रोड को आवागमन की सुविधा के लिए चौड़ीकरण किया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सर्विस रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां अवैध कब्जों को देखकर उसे जल्द हटाकर रोड को चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर अबिनाश मिश्रा शुक्रवार को निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे सर्विस रोड का भी निरीक्षण किया। सड़क पर जगह-जगह लोगों ने झोपड़ी-ठेला-गुमटी रखकर कब्जा कर रखा है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी अवैध कब्जों को शीघ्र हटवाएं तथा सड़क को चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्य शुरू कराएं, ताकि आवागमन में लोगों को सुविधा मिल सके। कमिश्नर के साथ अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, उपायुक्त स्वास्थ्य रमाकांत साहू, जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडेय, जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही सहित अन्य निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# सलिहाभांठा स्कूल में आनंद खेल महोत्सव का आयोजन, बच्चों व पालकों में रहा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




पटेल संकुल के प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में बाल कैबिनेट के तत्वावधान में खेल आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में शाला के बच्चों के साथ माता पालकों ने भी उत्साह के साथ बचपन की यादें ताजा की। इस वर्ष भी खेल महोत्सव में प्राथमिक शाला कोकड़ी संकुल खट्टा के बच्चे भी शामिल होकर सलिहाभांठा के बच्चों के साथ मित्रवत मिलते हुए आतिथ्य स्वीकार किए। स्वागत और खेल शुभारंभ मौके पर कक्षा 5 की चुमेश्वरी और कक्षा 4 की रुखमणी ने मंच संचालन किया। कक्षा 1 के खोमन ने आभार प्रदर्शन किया। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने खेलों के प्रारूप तथा नियमों पर प्रकाश डाला और आगंतुकों का अभिनंदन किया। इससे पहले कक्षा पहली के भेवेंद्र का जन्मदिन होने पर सभी के द्वारा जन्मदिन मनाकर शुभकामना प्रदान किए। पूरे खेल महोत्सव में लोगों का उत्साह प्रशंसनीय रहा। सभी लोग बच्चों का मनोबल बढ़ाते देखे गए। सभी ने इस आयोजन को खूब सराहा। विभिन्न मनोरंजक और रोचक खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस खेल आनंद महोत्सव के आयोजन के लिए पालकों की ओर से नगद राशि और पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पूरे गांव के लोगों के साथ प्राथमिक शाला कोकड़ी से गेंदलाल कोकडिया, आनंद अग्रवाल, देवकी सिन्हा, जिज्ञासा साहू, धनेश्वरी दीवान, खोमिन सिन्हा, भारती साहू, शांता बरिहा, यमुना साहू, दौलत दीवान, घांसु राम दीवान, हीरालाल साहू, नीरा दीवान, फाग बाई यादव, जया साहू, ऐवेंद्र दीवान, कृपा राम ध्रुव, डगेश्वर साहू, मयाराम दीवान, भुवन साहू, भुनेश्वर साहू, कृपाराम दीवान उपस्थित थे। इस महोत्सव की सफलता में एसएमसी अध्यक्ष पिरित राम साहू, घांसुराम दीवान, तिलक साहू, झड़ीराम दीवान, गुलाब ध्रुव, संतोष बरिहा, डेरहा दीवान, समारू यादव, हितेश दीवान, पंचराम ध्रुव व पालकों के साथ शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव, रसोइयां बिसनी बाई दीवान, सफाई कर्मचारी सुकदेव दीवान का विशेष सहयोग व समर्पण रहा।

### विभिन्न खेलों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बालिका वर्ग खेल में कबड्डी में कक्षा चौथी सलिहाभांठा प्रथम, कोकड़ी द्वितीय, दीया जलाओ में लुनिमा, नोव्या, राखी, चम्मच दौड़- राजेश्वरी कोकड़ी, योगिता कोकड़ी, चुमेश्वरी, बॉल बास्केट-भूमिका, उपासना, द्रोणिका, बॉल फूँक- टुकेश्वरी, ओमकुमारी कोकड़ी, लुनिमा, सिक्का बीनो-योगिता कोकड़ी, डिम्पल, प्रियंका, बिल्ली चाल-बाल डाल लुनिमा, टुकेश्वरी, नोव्या, चूड़ी जमा करो-इंद्राणी , प्रियंका, चुमेश्वरी, कंचा निकाल-रेशमी, गंगा, नैना कोकड़ी, मेढक दौड़-ओमकुमारी कोकड़ी, टुकेश्वरी, नोव्या कुर्सी दौड़-काव्या, रूखमणी, गंगा रस्साकसी-काव्या, रेशमी, ललिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। बालक वर्ग कबड्डी में कक्षा 4 सलिहाभांठा प्रथम, कोकड़ी द्वितीय, बोरा दौड़-शिखर, धनराज, थनेश्वर, लंबी कूद-शिखर, शुकसागर, प्रेमसागर, बॉल बास्केट-खोमन, गीतेश, नमन, बॉल फूँक-गीतेश, ओम, गोविंद कोकड़ी, सिक्का बीनो - हिमांशु, दुलेश कोकड़ी, वेदांश, बिल्ली चाल-बाल डाल खोमन, गीतेश कोकड़ी, भेवेंद्र, कंचा निकाल-हिमांशु, मुकेश, खिलेश कोकड़ी, मेढक दौड़-खोमन, गीतेश, केशव, कलेक्ट बॉल-धनराज, खिलेश कोकड़ी, शिखर, कुर्सी दौड़-तिरथ, प्रेमसागर, दुलेश, रस्साकसी-धनराज, तन्मय, ओशराज क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए।

# सुशासन के एक साल, समितियों ने किया किसानों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सुशासन के एक साल के तहत जिले के सहकारी समितियों में किसानों का सम्मान समारोह आयोजित कर विष्णु की पाती का वितरण किया। क्षेत्र के सहकारी समिति मामाभाचा, सिर्री पठारीमुड़ा, खल्लारी, गबोद, खोपली में किसान सम्मान कार्यक्रम हुआ। ग्रामीण सेवा सहकारी सेवा सहकारी समिति चरौदा में मुख्य अतिथि भुवन लाल साहू अध्यक्ष सहकारी समिति चरौदा थे। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू, विशेष अतिथि भूषण लाल नामदेव अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधक समिति कमरौद थे। अतिथियों ने उपस्थित किसानों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भुवन साहू ने उपस्थित किसानों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की चिट्ठी को पढ़कर सुनाया तथा 3100 के भाव में प्रति क्विंटल धान खरीदी को किसानों के अनुकूल बताया। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली 1000 की सम्मान राशि को भी सराहा। साहू ने 0% ब्याज दर पर समितियों से ऋण लेने हेतु किसानो को प्रेरित किया। इस दौरान विष्णु की पाती का वितरण उपस्थित किसानों को किया गया। कार्यक्रम में किसान नीलकंठ पटेल, संतराम साहू, मनोज टांडे, सुरेंद्र पटेल, खिलावन ध्रुव, केवाराम साहू, नारद सिन्हा, मिथुन यादव समेत किसान कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख जयप्रकाश साहू ने किया।

# केवी में बैगलेस डे का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छटवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय बैगलेस डे के द्वितीय चरण के अंतिम दौर के चौथे दिन जीके निर्मलकर एवं रवीना मीणा द्वारा इलेक्ट्रिकल्स गैजेट का सुरक्षित उपयोग तथा दैनिक जीवन में उपयोगी बिजली के कार्यों को सुरक्षित ढंग से करने की जानकारी दी गई। प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वयं वायर को जोड़ना, होल्डर और स्विच बोर्ड कनेक्शन करना, फ्यूज वायर को रिप्लेस करना, मल्टीमीटर के द्वारा करंट और वोल्टेज को नापना आदि कई गतिविधियों में हिस्सा लिया। बैगलेस डे के अंतिम दिन जीके निर्मलकर एवं रवीना मीणा द्वारा बच्चों को स्क्रैप मेटल से आर्टिफैक्ट बनाना सिखाया गया। जिसमे उल्लू, मानव मस्तिष्क एवं सारस का मॉडल बनाया गया। जिससे बच्चों की रचनात्मक निखर कर आई। इसमे बच्चों ने पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आनंद उठाया। वेल्डिंग कार्य के लिए गणपति वेल्डिंग वर्कशॉप महासमुंद का उल्लेखनीय सहयोग रहा। साथ ही 5 दिवसीय बैगलेस डे का समापन किया गया। प्राचार्य संजय कंसल ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में एसके सिंह, जेके चंद्राकर, टीआर चंद्राकर, लोकेश सिंह, प्रभात देवांगन, सूर्य कुमार साहू, वंदिनी जौहरी, सोहन लाल साहू, ईश्वर नायक, अभिषेक आदि की विशेष सहभागिता रही।

# श्रीमद भागवत कथा में सभी पुराणों का सारः मुरलीधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



स्थानीय श्रीराम वाटिका अयोध्या में श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कराते हुए वृंदावन से पधारे पं. मुरलीधर महाराज ने कहा कि भागवत कथा सभी शास्त्रों का सार है। यह एक ऐसी अमृत कथा है, जिसके श्रवण मात्र से जीव धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन किया गया है। अंतिम दिवस गीता ज्ञान का श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत गीता न केवल धर्म का उपदेश देती है, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाती है। महाभारत के युद्घ के पहले अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। गीता के उपदेशों पर चलकर न केवल हम स्वयं का बल्कि समाज का कल्याण कर सकते हैं।

आयोजन समिति की ओर से परमेश्वर पप्पू ठाकुर, सुनयना ठाकुर, नीलमणी चंद्राकर, मुकेश साहू, बिसेन, कमलेश साहू, सुजाता विश्वनाथन, प्रवीण खन्ना सहित समस्त मोहलेवासियों ने भक्त जनों के लिए अच्छी व्यवस्थाएं देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। उक्त जानकारी देते हुए टेकराम सेन ने बताया कि भागवत कथा का भव्य आयोजन का यह लगातार दूसरा वर्ष है। उक्त आयोजन में परमेंश्वर पप्पू ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है, जिससे मोहल्ले सहित शहर में भक्तिमय वातावरण का संचार हुआ है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं से लेकर बाराह अवतार, नंदोत्सव, श्रीकृष्ण रुखमणि विवाह, सुदामा चरित्र के माध्यम से पं. मुरलीधर महाराज द्वारा कथा श्रवण कराते हुए अपने सुमधुर आवाज में सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। उक्त आयोजन की सफलता व भक्तों की अपार श्रद्घा व भीड़ के लिए परमेश्वर पप्पू ठाकुर सहित समस्त मुहल्लेवासियों ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा के दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, संदीप दीवान, पार्षद एवं सभापति देवीचंद राठी, महेंद्र सिका, सुजाता विश्वनाथन, एमआर विश्वनाथन सहित जनप्रतिनिधियों ने सफल आयोजन के लिए मोहल्लेवासियों को बधाई दी।



### बरोंडाबाजार में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बरोंडाबाजार में 18 दिसंबर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुघासी बाबा की पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात पंथी नृत्य के साथ जयस्तंभ में सत्य का प्रतीक सादा झंडा का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गिरधारी आवड़े, सचिन गायकवाड़, गुलाब आवड़े, तुलाराम गायकवाड़, कामता आवडे, हीरलाल निराला, जनक बंजारे, संतोष नवरंगे, कान्ति लाल मौर्य, दुखु मार्कंडेय एवं समस्त सतनामी समाज और ग्रामवासी सम्मिलित थे।

# दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में बोर्ड एग्जाम के कक्षा 10 वीं व 12 वीं के छात्रों के बेहतर परिणाम के लिए बालक, पालक, शिक्षक के साथ बैठक कर चर्चा की गई। संस्था के प्राचार्य अमी रूफस ने छात्रों, पालकों से चर्चा करते हुए बताया कि बोर्ड एक्जाम में अब मुश्किल से 52 दिन ही शेष रह गए है, हमारी संस्था के शिक्षक पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शाला पूरे राज्य में 100 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाला पहला स्कूल है। बेहतर रिजल्ट के लिए पालकों की भी महत्वपूर्ण भुमिका होती है। पालक अध्ययन के समय में प्रतिदिन अपने बच्चों पर नजर जरूर रखें। टीवी और मोबाईल को कम से कम परीक्षा तक सीमित रखें। पढ़ाई के समय उसको मोबाईल के उपयोग करने पर प्रतिबंध करें। प्राचार्य ने अपने मोबाईल नंबर सभी से शेयर करते हुए बताया कि आप कभी मुझे बच्चों के पढ़ाई के लिए चर्चा कर सकते हैं, विषय शिक्षकों ने भी छात्रों के बेहतर रिजल्ट के लिए बच्चों को अध्ययन के टिप्स प्रदान किए। एग्जाम की तैयारी कैसे करें, हमारा पढ़ाई का समय क्या होना चाहिए, इस पर भी छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया।



कमजोर छात्रों के पालकों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने बच्चों पर विशेष नजर रखें। कक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने वाले छात्रों ने भी विद्यार्थियों से अपने पढ़ाई करने का समय, तरीका, समय प्रबंधन पर अपने विचार रखें। स्कूल की छात्रा रूपाली सिन्हा ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि उसने कक्षा में उसके 91 प्रतिशत अंक कैसे प्राप्त किया। इसी प्रकार रोहिणी निषाद ने बताया कि वह प्रातः 4.30 बजे उठकर पढ़ाई शुरू करती है, उनके पालक बाहर रहते हैं, वह खुद खाना पकाती है एवं घर का सारा काम कर अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर फोकस करती हैं। अन्य छात्र चित्रभान, कुमकुम साहू, कुमकुम वर्मा, दक्ष शर्मा ने भी अपने अनुभव शेयर किए। पालकों में से पालक शेख साहू ने भी चर्चा करते हुए बताया कि आप सभी शिक्षक इमानदारी के साथ अध्यापन कार्य करा रहे हैं, हमारी भी जवाबदारी बनती है कि हम भी अपने बच्चों पर पढ़ाई के दौरान नजर रखें। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि आपको टारगेट लेकर अध्ययन करना चाहिए तभी आप अच्छे अंक अर्जित कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में 10 वीं 12 वीं में अध्ययनरत छात्रों के 68 पालक तथा अध्यापन कार्य कराने वाले सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. शबीर कौर संधु ने किया एवं आभार प्रदर्शन राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता केआर सागर, गोसाई राम टांडेकर, प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरम्मा मेकला, विकास यादव, मितेश शर्मा, रौनक अग्रवाल, आकांक्षा भोई, आकांक्षा जैन, अंशुमाला बारिक, भामा प्रधान, राधिका शर्मा, अंजलि कहार आदि उपस्थित थे।

# क्रिसमस-नए साल को लेकर पर्यटन विभाग के रिसॉर्ट, मोटल जनवरी के पहले सप्ताह तक बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

क्रिसमस तथा नए साल के लिए पर्यटन विभाग के ज्यादातर रिसार्ट के साथ मोटल अभी से पैक हो गए हैं। पर्यटन विभाग प्रबंधन के मुताबिक नए साल तथा क्रिसमस के लिए 15 दिन पहले से लोगों ने अपने लिए जगह बुक कराना शुरू कर दिया है। राज्य के ज्यादातर टूरिस्ट पैलेस के रिसार्ट तथा मोटल अभी से बुक हो गए हैं। सात जनवरी तक नो रूम की स्थिति है।

- पर्यटकों की पहली पसंद मैनपाट के साथ चित्रकोट

क्रिसमस के साथ नए साल सेलिब्रेट करने पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट के साथ मैनपाट है। इन दोनों टूरिस्ट पैलेस के रिसार्ट तथा मोटल दिसंबर के पहले सप्ताह से बुक हो गए हैं। इन दोनों स्थानों में फ्रांस तथा यूरोप के विदेशी पर्यटकों ने अपने लिए जगह बुक कराई है।

### चित्रकोट से 50 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी

चित्रकोट की सैर करने अब तक 13 सौ से ज्यादा लोगों ने अपने लिए जगह बुक कराई है। चित्रकोट के आकर्षण के कारण पर्यटन विभाग को क्रिसमस तथा नए साल में 50 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई है। चित्रकोट में स्थिति ऐसी है कि दूसरे राज्य के लोग किसी भी हाल में अपने लिए जगह बुक कराने के लिए तैयार हैं।

### एक महीने में एक करोड़ 30 लाख

पर्यटन विभाग को अपने टूरिस्ट पैलेस के मोटल तथा रिसोर्ट से जो आमनदनी क्रिसमस तथा नए साल में हो रही है। उसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा आय चित्रकोट से हो रही है। दिसंबर में पर्यटन विभाग को आने वाले टूरिस्टों से एक करोड़ 30 लाख रुपए की बुकिंग हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल दिसंबर में कमाई का आंकड़ा जरूर कम हुआ है।



### बार नवापारा को छोड़ अन्य स्थानों में पर्यटकों का अभाव

वन विभाग के टूरिस्ट पैलेस की बात की जाए, तो बारनवापारा को छोड़ राज्य के अन्य क्षेत्र के अभयारण्य में क्रिसम तथा नए साल के लिए जगह बुक कराने वालों का टोटा है। बारनवापारा स्थित वनग्राम में क्रिसमस तथा नए साल के लिए लोगों ने अपने लिए जगह आरक्षित कराना शुरू कर दिया है। कमोबेश यही स्थिति अचानकमार टाइगर रिजर्व की है।

### मैनपाट में पड़ोसी राज्य के सैलानी

मैनपाट में जिन लोगों ने नए साल तथा क्रिसमस के लिए अपने लिए जगह बुक कराई है, उनमें ज्यादातर झारखंड तथा उत्तरप्रदेश के पर्यटक शामिल हैं। वन अफसरों के अनुसार उदंती-सीतानदी, इंद्रावती टाइगर रिजर्व की सैर करने ज्यादातर पर्यटक क्रिसमस तथा नए साल के एक दो दिन पूर्व अपने लिए जगह आरक्षित करने आवेदन करते हैं। उदंती-सीतानदी तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व में माओवाद के कारण नाइट स्टे की अनुमति नहीं है। इस वजह से इन दोनों जगह जाने लोगों का रुझान कम रहता है।

# सभी जिलों से मांगी पदस्थ बीएड सहायक शिक्षकों की जानकारी

- 2 हजार 900 सहायक बीएड शिक्षकों के स्थान पर डीएलएड डिप्लोमाधारियों को देनी है नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिलों से उन बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है। न्यायालय के आदेश के बाद 2 हजार 900 बीएड सहायक शिक्षकों को उनके पद से हटाया जाएगा। कौन से जिले में कितने शिक्षक पदस्थ हैं तथा वे कौन सी कक्षा में अध्यापन कार्य कर रहे हैं, इसकी जानकारी सभी जिलों से मांगी गई थी। सूत्रों के अनुसार, अधिकतर जिलों ने यह जानकारी सौंप दी है। कौन से जिले में शिक्षक के कितने पद रिक्त हैं, इसकी जानकारी अब ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाती रही है।

पोर्टल में दर्ज जानकारी का भी आंकलन किया जा रहा है। किस जिले में, किस कक्षा में इन्हें नियुक्ति दी जा सकती है, इस पर भी मंथन हो रहा है।

### इधर... तूता में जारी है प्रदर्शन

शासन द्वारा अंदरुनी स्तर पर बीएड अभ्यर्थियों को शिक्षा विभाग में ही एडजस्ट करने की तैयारी चल रही है, लेकिन इसे ना तो सार्वजनिक किया गया है और ना ही इससे संबंधित कोई आदेश या निर्देश जारी किए गए हैं। इस कारण बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन निरंतर जारी है। पदयात्रा के बाद गुरुवार से माना-तूता में बैठे कैंडिडेट्स शुक्रवार को भी प्रदर्शन में बैठे रहे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि नौकरी से निकाले जाने पर सिर्फ 2 हजार 900 सहायक शिक्षक ही नहीं, बल्कि उनका पूरा परिवार प्रभावित होगा। कर्मचारी संगठन तथा राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा और शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे सहित कई अन्य संगठन के नेताओं ने भी धरना स्थल पहुंचकर उन्हें समर्थन प्रदान किया।

# फर्जी आदेश के बाद चल रहा तोता पालने, खरीदने-बेचने का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय के एक फर्जी आदेश के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित तोता की खरीदी-बिक्री करने का कारोबार बढ़ गया है। वन विभाग की टीम ने शुक्रवार तड़के रेलवे स्टेशन में एक कारोबारी के कब्जे से 105 तोता जब्त किया है। पक्षी कारोबारी तोता को आंध्रप्रदेश से तस्करी कर रायपुर लाया था। जिस कारोबारी को वन विभाग की टीम ने तोता तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है, उस कारोबारी के एक रिश्तेदार को वन विभाग की टीम ने चार दिन पूर्व तोता तस्करी करने के आरोप में पकड़ कर उनके खिलाफ पीओआर दर्ज की थी। रेंजर सतीश मिश्रा के मुताबिक फाफाडीह में पक्षी खरीदी-बिक्री का काम करने वाले सम्सुद्दीन के कब्जे से तोता जब्ती की गई है।

सम्सुद्दीन दो छोटे पिंजरे में तोता को विशाखापटन-दुर्ग एक्सप्रेस में छिपाकर ला रहा था। रेंजर के मुताबिक तोता शेड्यूल-4 प्रजाति का पक्षी है। इस वजह से तोता की खरीदी-बिक्री करने पर रोक है। इसी के चलते सम्सुद्दीन के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



### मार्गदर्शन लेने की बात निकली फर्जी

विभागीय सूत्रों के मुताबिक 28 अगस्त को एपीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय ने पाले गए तोता को नहीं छोड़ने पर कार्रवाई स्थगित करने केंद्रीय वन्यप्राणी प्रभाग से मार्गदर्शन लेने किसी तरह से विज्ञप्ति ही जारी नहीं की है। इस संबंध में वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मीटिंग में व्यस्त होने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि तोता का कारोबार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

### दुकानदारों ने तोते उड़ाए

वन विभाग की टीम 17 दिसंबर को फाफाडीह में पक्षी का कारोबार करने वालों के यहां कार्रवाई करने पहुंची थी। एक दुकान से वन विभाग की टीम ने चार तोता जब्त किए। वन विभाग की टीम के आने की सूचना मिलने पर दो दुकान संचालकों ने कार्रवाई से बचने अपनी दुकान में बेचने के लिए रखे तोता उड़ा दिए।

### कथित आदेश के बाद कारोबार बढ़ा

गौरतलब है कि वन विभाग ने 23 अगस्त को एक आदेश जारी किया था। वन्यजीव अधिनियम के तहत तोता की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के साथ घरों में पाले गए तोता को वन विभाग के सुपुर्द करने आदेश जारी किया गया था। आदेश के पांच दिन बाद 28 अगस्त को एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ कार्यालय से एक विज्ञप्ति जारी की गई। विज्ञप्ति में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली तथा वन्यप्राणी प्रभाग से आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन लिए जाने तक कार्यवाही स्थगित रखने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारियों का नगर आगमन कल

**सरायपाली।** यादव समाज के रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं होने से हजारों युवा शासकीय योजनाओं एवं रोजगारों से वंचित हो रहे हैं। इसके लिए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में स्थान देने के लिए हंसराज अहीर अध्यक्ष केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक को ज्ञापन एवं आवेदन दिया गया था। इसी तारतम्य में पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अधिकारियों का आगमन सरायपाली नगर के सर्किट हाउस में 23 दिसंबर को समय सुबह 9:30 बजे होगा। आयोग के अधिकारियों द्वारा रावत जाति का क्षेत्रीय अध्ययन एवं समाज प्रमुखों से चर्चा की जाएगी। सरायपाली, बसना एवं फुलझर अंचल के रावत जाति से संबंधित समस्याग्रस्त सामाजिक सदस्यों को जाति से संबंधित दस्तावेज के साथ न्यू सर्किट हाउस, केंजुआ रोड़, सरायपाली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। यह जानकारी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव ने दी है।

### शिविर में 18 लोगों ने किया रक्तदान



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निःशुल्क ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन स्वर्गीय मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में रखा गया था। जहां पर 18 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। जिसे खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीएके कोसरिया द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। यह जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

## चुनाव : अब अध्यक्ष पद के आरक्षण प्रक्रिया का है इंतजार

# आरक्षण ने बिगाड़ा कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों का समीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हुए आरक्षण की बाढ़ में भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गज पार्षद बह गए है। अब वे राजनीतिक गलियारों में अपना ओहदा बनाए रखने के लिए महिलाओं को आगे करने की तैयारी में हैं। बहरहाल, आरक्षण से ऐसे पार्षद प्रभावित हुए है, जिनकी आवाज की गूंज परिषद के सदन में दमखम के साथ गूंजती थी। अब ऐसे में या तो उन्हें दूसरा वार्ड तरासना होगा या महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारने होंगे। पालिका चुनाव आरक्षण से बिगड़ा समीकरण नई जमीन की तलाश में नेता आरक्षण के साथ ही चुनाव में हिस्सा लेने का सपना संजो रहे लोगों का पूरा समीकरण उलटपलट हो गया है। वहीं कुछ दिग्गज नेताओं के क्षेत्र को नए समीकरण बन गए है। वार्ड के आरक्षण के बाद लोगों का अब अध्यक्ष पद के प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार है। वार्ड के आरक्षण ने भाजपा एवं कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों का समीकरण बिगाड़ दिया है। अब राजनीतिक दलों और दावेदारों को नए सिरे से जमीन तलाश करना पड़ेगा। आरक्षण के चलते कई पार्षद मायूस हुए। वहीं लोगों को अध्यक्ष के आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं।




इस बार नगर पालिका परिषद के आरक्षण के तहत वार्ड क्रमांक 1 डॉ. भीमराव अम्बेडकर एससी (मुक्त) वार्ड क्रमांक 2 स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह वार्ड अना (मुक्त), वार्ड क्रमांक 3 स्व. चमरानंद वार्ड अना (मुक्त), वार्ड क्रमांक 4 महात्मा गांधी वार्ड ओबीसी (मुक्त), वार्ड क्रमांक 5 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अना (मुक्त), वार्ड क्रमांक 6 चंद्रशेखर आजाद वार्ड अना (मुक्त) वार्ड, क्रमांक 7 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड ओबीसी (महिला), वार्ड क्रमांक 8 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड ओबीसी (मुक्त), वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड ओबीसी (मुक्त), वार्ड क्रमांक 10 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड अना. (महिला) वार्ड क्रमांक 11 सुभाषचंद्र बोस वार्ड अना. (महिला) वार्ड क्रमांक 12 उत्कल पारा वार्ड अना (महिला) वार्ड क्रमांक 13 सरदार भगत सिंह वार्ड अना (मुक्त) वार्ड क्रमांक 14 रानी दुर्गावती वार्ड एसटी (मुक्त), वार्ड क्रमांक 15 गुरू घासीदास वार्ड एससी (महिला) के लिए आरक्षित हुआ है। वार्ड आरक्षण के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों के अलावा आमजनों को अब अध्यक्ष पद के आरक्षण प्रक्रिया और चुनाव तिथि के घोषित होने का इंतजार है। संभावना है कि जनवरी में पालिका के चुनाव हो सकती है। आरक्षण प्रक्रिया के बाद भाजपा एवं कांग्रेस में सक्रियता अब बढ़ने लगी है।

# 'अपराध-अराजकता की जननी कांग्रेस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक चातुरी नंद, रामकुमार यादव, कविता प्राण लहरे, उमेश पटेल की उपस्थिति में बलौदाबाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदाबाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका आत्म स्वीकृति है।



सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कांग्रेस के एक प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कलेक्टर कार्यालय के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने के लिए उकसाया गया है। उत्तरी जांगड़े ने बाकायदा बलौदाबाजार में लगभग 6 माह पहले हुई आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा का हवाला देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उसी घटना की पुनरावृत्ति करने कहा गया है। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजीव मितान क्लब बंद होने के कारण युवा खाली हो गए है इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे है। सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी। यह सारी घटना कांग्रेस के आपराधिक चरित्र का शर्मनाक नमूना है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपने गुंडा तत्वों के जरिए कानून व्यवस्था बिगाड़कर अराजकता और आतंक का जहर घोलने में लगी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर मिथ्या प्रलाप कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों के पीछे कांग्रेस का षड़यंत्र ही काम कर रहा है। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि कांग्रेस अपने टुलकिटिया षड्यंत्र के बेनकाब हो जाने से न केवल अपने षड़यंत्रों के जाल में फंस गई है,अपितु उत्तरी जांगड़े द्वारा हिंसा,तोड़फोड़ और अराजकता फैलाने के उकसावे में छिपी आत्म स्वीकृति को कांग्रेस के गले की हड्डी बना दिया है। ऐसे अनेक घटना को अंजाम दिया गया है जिसमें कांग्रेसीयों की संलिप्तता है। (दुष्कर्म के मामले में अंतागढ़ के सुप्रकाश मल्लिक जेल, बलरामपुर में कांग्रेसी सुंदरमनी मिंज द्वारा गाय को एयरगन से फायर करना, मैनपाट में जमीन फर्जीवाड़ा कांग्रेसी नेता अटल बिहारी यादव, बलौदाबाजार की घटना में विधायक देवेंद्र यादव जेल में, मोहला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेसी नेता द्वारा भाजपा कार्यकर्ता को काट डालने की धमकी)। सरला कोसरिया ने आगे बताया कि दरअसल कांग्रेस सत्ता छीन जाने के बाद साथ साथ अपने तमाम कुकर्मों के सामने आने और आपराधिक चेहरे उजागर होने के इस कदर छटपटा रही है कि अब वह अपने गुर्गों के जरिए खून की नदियां बहाने में नहीं हिचक रही है।

छत्तीसगढ़ में जबसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता सम्हाली है, कांग्रेस के लोग यह हजम नही कर पा रहे है और रह रहकर प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुनौती देकर प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित करने के नित नए षडयंत्र रचने में लगे है। पिछले सालभर में अमूमन हर बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आई है। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रैक रिकार्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है,और सत्ता से दूर रहने पर इन्ही तत्वों को इस्तेमाल कर प्रदेश में अपराधों का सिलसिला चलाकर अराजकता फैलाने में अपनी ताकत झोंक देती है।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में दो दिवसीय 18वां वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महेश अग्रवाल सचिव प्रतिभा पब्लिक स्कूल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ आभास अग्रवाल का स्वागत प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं शाला क्रीड़ा सचिव संजय कर के साथ स्काउट-गाइड ने किया। क्रीडा प्रांगण में उपस्थित हाउस प्रमुखों के साथ पूरे पलटन का निरीक्षण मुख्य अतिथि ने किया। शाला नायक गिरजा शंकर पटेल ने हाउस परेड का नेतृत्व किया। वहीं शाला नायिका आयुषी मिश्रा ने पूरे पलटन को खेल उत्सव की शपथ दिलाया। प्रथम दिवस के प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से पुष्पेंद्र रात्रे प्रथम, सोमेश प्रधान द्वितीय एवं मयंक पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी सैफरन हाउस से थे। जबकि, छात्रा वर्ग से जाह्नवी पटेल प्रथम, सिद्धि अग्रवाल द्वितीय दोनों ब्लू हाउस एवं साक्षी वर्मा तृतीय व्हाइट हाउस रहीं। चम्मच दौड़ में छात्र वर्ग से लव कुश शुक्ला प्रथम, आरिफ खान द्वितीय दोनों व्हाइट हाउस एवं तुष्य अग्रवाल ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहे। जबकि, छात्राओं में आर्या देवांगन, जाह्नवी पटेल एवं सिद्धी अग्रवाल सभी ब्लू हाउस से क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। फुगड़ी प्रतियोगिता में भारती पटेल, सैफरन हाउस प्रथम, नाव्या कौर आहूजा ग्रीन हाउस द्वितीय एवं आराध्या प्रधान व्हाइट हाउस तृतीय स्थान पर रहीं। समस्त विजयी प्रतिभागियों का सम्मान, प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। माइक संचालन उप प्राचार्य नासिर खान ने किया।




# पोषक संपर्क अभियान के तहत छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम द्वारा विकासखंड के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ संध्या भोई एवं अनिल कुमार- एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुंडा, दीपक कुमार, डॉ आरएस पटेल एवं नरेश कुमार शाउमावि पैकिन, डीके मांझी एवं देवेश राणा शाउमावि कलेंडा, डॉ चंद्रिका चौधरी एवं सुष्मिता भोई शाउमावि कन्या शाला सरायपाली, केएस पटेल, अंकित यदु एवं नीरज सागर शाउमावि कुटेला तथा आरके पटेल एवं अंकित यदु सरस्वती शिशु मंदिर सरायपाली, शब्या पटेल एवं आरती साहू- आदर्श उमावि सरायपाली, प्राची गुप्ता एवं खुशबू पटेल-गोपनाथ आश्रम जोगनीपाली, एमएन सिदार एवं राजकिशोर पटेल- शाउमावि डुडुमचुवा, केएस पटेल एवं बनिता साहू - शाउमावि परसकोल में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत उपर्युक्त विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न जानकारी दी गई।



सहायक प्राध्यापकों द्वारा अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस महाविद्यालय में कला संकाय, विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय में स्वीकृत सीटों की जानकारी दी गई। उन्होंने महाविद्यालय के विविध गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेड रिबन क्लब, करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, जेंडर इक्विटी सेल, पुस्तकालय, ग्रंथालय प्रयोगशाला, क्रीड़ा विभाग, वार्षिकोत्सव आदि की सुविधा और गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। उन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थी अपने संकाय के विषय चुनकर जेनेरिक इलेक्टिव में अन्य संकाय के एक विषय का चुनाव कर भी अध्ययन करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कई बदलावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मल्टीडिसीप्लिनरी कॉन्सेप्ट, डीएससी, जेनेरिक इलेक्टिव, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स, क्रेडिट सिस्टम, असाइनमेंट, एबीसी आईडी, सेमेस्टर प्रणाली, सतत मूल्यांकन परीक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त अभियान दल द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति अपने अध्ययन को जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर मोतीलाल वोरा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




मध्यप्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा विभाग का दायित्व फिर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दो बार कार्य करने का अनुभव राज्यसभा सदस्य लोकसभा सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल तथा केंद्र सरकार के कैबिनेट मंत्री का दायित्व संभालते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद को सुशोभित करने वाले स्व. मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर महासमुंद कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

वोरा 1968 से दुर्ग में पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा आरंभ की। 1972 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। 1977 व 1980 में भी विधायक रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री नियुक्त किए गए। तत्पश्चात 1983 में कैबिनेट मंत्री बने। 13 मार्च 1985 को वोरा मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करना आरंभ किया। पश्चात केंद्र सरकार में शामिल हो गए। 1993 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बनाए गए। 1998–99 लोकसभा में सांसद बनकर संसद भवन पहुंचे। बहुमुखी प्रतिभा की धनी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की रीढ़ की हड्डी थे, उनके बिना दिल्ली कांग्रेस कमेटी अधूरा था। पुण्यतिथि पर सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई।

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर नगर पालिका उपाध्यक्ष, पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, नरेंद्र दुबे अधिवक्ता, भारत ठाकुर, अनवर हुसैन, जसबीर ढिल्लो, पूर्व पार्षद राजू साहू, सुनील चंद्राकर, प्रकाश अजमानी, जावेद चौहान, ईशा टंडन, सोनम रामटेके, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, युवराज साहू, अब्दुल जावेद एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# खल्लारी विस क्षेत्र में 101 युवाओं का भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम सुखरीडबरी में आयोजित कार्यक्रम में 101 युवाओं ने नरेंद्र मोदी के नीति व कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, अलका चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिलेश्वर पटेल संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, छेदू चक्रधारी, मानसिंह डेमन पनोरिया, लोकेश पनुरिया, यशवंत साहू आदि उपस्थित रहे। युवाओं का भाजपा गमछा फूल माला तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से भोजराज चौहान, खेमराज ठाकुर, अजय चक्रधारी, यश बघे, फालिस चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, खेमलाल चक्रधारी, टिकेश्वर सेन, छतर सिंह दीवान, पंचराम चक्रधारी, हरकिशन साहू आदि प्रमुख रहे।








# ग्रामीण युवाओं को प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच है डांस प्रोग्राम : देवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ग्राम सम्हर में आरएन डांस ग्रुप द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष देवराज बघेल व पिलेश्वर पटेल अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल थे। कार्यक्रम में अनेक डांस ग्रुप व एकल, युगल प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा की गई। इस दौरान ग्रामीणों व प्रतिभागी टीमों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवराज बघेल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने एक बेहतर मंच मिलता है। साथ ही ऐसे आयोजनों से गांव का वातावरण भी उल्लास मय रहता है। वहीं सामूहिक रूप से एकजुट होकर इस प्रकार के कार्यक्रम करने से युवाओं व ग्रामीणों में सामुदायिक सहभागिता की भावना का विकास होता है। सम्हर गांव में आयोजित यह कार्यक्रम भी ग्रामीणों के आपसी एकता का प्रमाण दे रहा है, जो सराहनीय है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हेमसिंग नायक जनपद सदस्य सम्हर उपस्थित रहे। वहीं अध्यक्षता आरएन डांस ग्रुप सम्हर के प्रमुख ने किया। कार्यक्रम में इंदु नायक, नुमेश साहू, महादेव, यमन गोरले, पीलू नायक, टीकम साहू, देवीप्रसाद साहू, नेतराम दीवान सरपंच, योगेश राज पटेल, नरेंद्र नायक, नीलकंठ साहू, चूड़ामणि साहू, महादेव ध्रुव, पीलू नायक, भुवन ध्रुव, सागर दीवान, डिगेंद्र दीवान, टिकेश्वर साहू, कुशल चौहान, मिलेश सोना सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**खबर संक्षेप**



### घासीदास जयंती समारोह में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम कांपा में गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। सभी का खून लाल रंग है। मानव-मानव में कोई फर्क नहीं है। बाबा ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया है। इस दौरान राहुल, दौलत, मनीष, नमन, नारायण, पूनम, सुरेश, महेश, अधिक संख्या में समाज के लोगों उपस्थित रहे।



### तुमगांव में निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के धार्मिक स्थल सहाड़ा देवता के पास रंगमच तथा भाठापारा शनिदेव मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, गंगा प्रसाद निषाद, पार्षद अन्नपूर्णा राजेंद्र निर्मलकर, द्रोणचार्य साहू, उत्तम निर्मलकर, भुनेश्वर साहू, दाऊलाल यादव, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।



### ग्रामीण युवाओं ने किया पौधरोपण

**महासमुंद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र तथा ग्राम लभराखुर्द, मोंगरा, खैरा, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लभराखुर्द, एक्सेल एकेडमी बीटीआई रोड के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत 20 दिसंबर 2024 को जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। प्रत्येक युवा व ग्रामीणों ने पौधे लगाए। युवाओं ने रंगोली बनाकर एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रेवती कन्नौजे, त्रिवेणी साहू, उश्वरी पटेल, रितु चंद्राकर, देवकी साहू, नेहरू युवा केंद्र से अशोक कुमार, राकेश कन्नौजे उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय नयापारा के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 63 विद्यार्थियों को प्राकृतिक दर्शन कार्यक्रम के तहत वन्यजीवों से संबंधित परिचय एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के तहत जंगल सफारी, मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क, वीआईपी रोड राम मंदिर, माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का विद्यार्थियों ने भ्रमण किया।

## कृषक सम्मेलन : किसानों को शाल श्रीफल से किया गया सम्मानित

# विकसित राज्य के निर्माण में किसानों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं सुशासन सप्ताह अंतर्गत स्थानीय अंबेडकर भवन में वृहद कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बतौर अध्यक्ष शिरकत की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संदीप दीवान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, राज्य युवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, कलेक्टर विनय लंगेह, अपर कलेक्टर रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, सहकारी समितियों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

सम्मेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने हमे छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी, लेकिन शुरुआती 3 साल में विकास नहीं हो पाया। पश्चात तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य को संवारने का कार्य किया। राज्य आज विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। नए राजधानी की नीव भी उसी दौरान रखा गया, जिसे अन्य राज्यों से लोग देखने आते है। राज्य ने 2018 तक राज्य ने खूब तरक्की की। पश्चात 5 साल फिर राज्य में विकास की गति धीमी हो गई। अभी फिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य को विकसित बनाने में कार्य कर रहे है। अभी हमारा राज्य 24 वर्ष का हो गया है।

रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष संदीप दीवान ने कहा कि सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। हमारी सरकार किसानो के हित के लिए लगातार कार्य कार्य रही है। सभी की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों से सरकार की उपलब्धि को बताया। उन्होंने कहा कि आगामी साल 2047 तक हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे।

इस अवसर पर किसानों का शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप प्रशासन किसानो के लिए कार्य कर रही है। जिले में धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप अभी तक 4 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। अभी तक 90 हजार किसानों ने धान बेचा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत भी किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मृदा परिक्षण के लिए भी किसानों को जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन सप्ताह अंतर्गत जन चौपाल और शिविरों जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध वितरण किया गया।



सुशासन सप्ताह अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन

## छात्र-छात्राओं ने दिलाई अभ्यास परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

नयोदय कोचिंग सेंटर संकुल केंद्र नर्रा में पढ़ रहे छात्र छात्राओं का निःशुल्क अभ्यास परीक्षा संकुल प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी, संकुल समन्वयक खगेश्वर प्रसाद साहनी के मार्गदर्शन में हुई। इस अभ्यास परीक्षा में संकुल केंद्र नर्रा के अंतर्गत दस विद्यालयों में से 28 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिए। सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रश्नपत्र सहित ओएमआर सीट उपलब्ध कराया गया। ज्ञात हो कि विगत सितंबर माह से सप्ताह में तीन दिवस संकुल के विषय के जानकार शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा निःशुल्क अध्यापन कराया गया। जिसमें केंद्र अध्यक्ष गोविंद सिंह चक्रधारी शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक बिंद्रावन, सहायक केंद्र अध्यक्ष श्रवण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक शासकीय बालक प्राथमिक शाला नर्रा व सुबेलाल बरिहा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला राटापाली, मनीष कुमार यादव सहायक शिक्षक शासकीय बालक प्राथमिक शाला नर्रा रहे। आयोजन में संकुल के सभी प्रधान पाठकगण व शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा है। यह जानकारी कोचिंग सेंटर के नोडल प्रभारी डिगम लाल साहू ने दी है।

## गरीब हितग्राहियों को शीघ्र मिलेगा पीएम आवास का लाभ : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि सुशासन की सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल में गरीब आवासहीनों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने का संकल्प पर अमल शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 18 लाख आवासहीन नागरिकों को घर देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। वित्त विभाग ने पीएम आवास योजना के लिए 2560 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। यह राशि हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर किया गया है। साहू ने कहा कि अब तक सरकार ने कुल 5144 करोड़ रुपए की राशि आवास के लिए जारी किया है। उक्त राशि स्वीकृत आवास हितग्राहियों के खाते में भेजा गया है। तीसरी किश्त भी शीघ्र हितग्राहियों के खाते में डाली जाएगी। साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश सहित महासमुंद में भी आवासहीनों को पक्के मकान उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य हो रहा है। महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के गरीब हितग्राहियों से पीएम आवास के लिए फार्म भराया जा रहा है। शीघ्र ही पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृत कराया जाएगा। जिससे गरीब आवासहीनों के पक्के मकान के सपने पूरे होंगे। साहू ने कहा कि विष्णुदेव सरकार का लक्ष्य राज्य के सभी आवासहीन परिवारों को इस योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराना है। यह पहल केवल आवासीय सुविधा ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उत्थान का भी एक साधन है।

### महासमुंद का विकास सरकार की प्राथमिकता

भाजपा नेता रमेश ने कहा कि पूरे प्रदेश सहित महासमुंद क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने खेलो इंडिया योजना के तहत महासमुंद में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण की स्वीकृति दी थी। जिसका निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। 400 मीटर लंबा और आठ लेन का यह ट्रैक वन विभाग के मैदान में बन रहा है। इस एथलेटिक ट्रैक के लिए मोदी सरकार ने 6.60 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी थी। ट्रैक निर्माण के बाद महासमुंद जिले सहित छग के प्रतिभावान एथलेटिक्स खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी।

### मुक्तिधाम समिति ने किया वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** 21 दिसंबर को शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दलदली मार्ग स्थित आशियाना वृद्धाश्रम की एक बुजुर्ग महिला ज्योत्सना दादी का निधन होने पर उनका ससम्मान अंतिम संस्कार कार्य किया। मृतक वृद्ध महिला ज्योत्सना दादी उम्र 70 वर्ष जो मूलतः बंगाल की रहने वाली थी, उसे पूर्व में स्थानीय पुलिस द्वारा आशियाना वृद्धाश्रम में लाया गया था। स्वास्थ खराब होने के कारण विगत लगभग 10 दिनों से उनका जिला हॉस्पिटल महासमुंद में उपचार चल रहा था। और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु होने की वृद्धाश्रम से सूचना मिलने पर मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, डॉ एजाज नकवी, मोहन बावनकर, गोपाल वर्मा, मनोज पटेल, विजय ठाकुर, गुमानचंद जैन, संजय साहू आदि ने उक्त बुजुर्ग महिला के शव का अंतिम संस्कार कार्य किया।

# 'राहुल गांधी पर एफआईआर राजनीतिक द्वेष का हिस्सा'

### बौखलाहट में प्रधानमंत्री व केंदीय गृहमंत्री द्वारा आए दिन गांधी पर लगा रहे झूठे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को राजनीतिक द्वेष से उठाया गया कदम बताया है। चंद्राकर ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूरे देश में अबकी बार 400 पार का नारा देकर संविधान बदलने का ऐलान किया था। नफरत की राजनीति करने वालों की पोल खोलने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को देशभर में पुनर्स्थापित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने गांधी ने कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर भाजपा के 400 सीटें जीतने की मंसूबों पर पानी फेर दिया था। गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम यह रहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में 303 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता ने 240 सीटों पर ही समेट दिया। जिससे भाजपा को जोड़-तोड़ कर केंद्र में सरकार बनाना पड़ा। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की लोकप्रियता के चलते ही कांग्रेस की सीटों में वृद्धि तथा भाजपा के सीटों में भारी कमी आई। जिसके बौखलाहट में प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा आए दिन राहुल गांधी पर झूठे आरोप लगाए जाते रहे है। संसद भवन का मामला भी इसी षड़यंत्र का हिस्सा है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश में जनाक्रोश है। जिससे भयभीत पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर जनता का ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि देश की जनता एवं पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है। गांधी परिवार द्वारा दिए गए बलिदानों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। एक ऐसा परिवार, जिसने देश के लिए बहुमूल्य योगदान दिए हैं, उसके किसी सदस्य पर इस तरह के निराधार आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीतिक द्वेष के लिए भाजपा का यह कृत्य अशोभनीय व निंदनीय है। गांधी पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें परेशान करने के बजाय गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर तथा देश की जनता से माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए।

## लोगों के दिलों में छाया होलीफेथ का मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

द न्यू होलीफेथ स्कूल का वार्षिक उत्सव शंकराचार्य संस्कृतिक भवन में हुआ। कार्यक्रम 6 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11 बजे तक जारी रहा। कुर्सियों की कमी के बावजूद पालकगणों को शानदार प्रस्तुतियों ने बांधे रखा। इस बीच संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने तत्काल अतिरिक्त कुर्सियां मंगाई और बैठक व्यवस्था दी गई।

होली फेथ स्कूल का कार्यक्रम इस बार नौ रसों पर आधारित था। हास्य रस, करुण रस, वात्सल्य रस, क्रोध रस, वीर रस, भक्ति रस, श्रृंगार रस एवं अन्य रसों पर आधारित कार्यक्रम ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, अध्यक्षता डॉ एमवाए मेमन एवं विशेष अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति संदीप दीवान एवं संस्था के पदाधिकारी कविता पींचा, संजय मालू, किशोर शुक्ला, दिलीप जैन, उमेश जैन, नंदनी चतुर्वेदी रहे।



विशेष अतिथि संदीप दीवान ने संस्था के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मेमन ने संस्था को अपना परिवार बताते हुए हमेशा सहयोग करने की भावना को लेकर अपने उद्गार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूनम चंद्राकर ने कहा कि मैं संस्था के कार्यक्रम में दूसरी तीसरी बार उपस्थित हो रहा हूं और मुझे यह अद्भुत खुशी हो रही है कि एक अच्छी संस्था देने में समिति के लोगों ने खूब मेहनत की है और मैं यह विश्वास व्यक्त कर रहा हूं कि आने वाले वर्षों में होलीफेथ एक बड़ा नाम वाला स्कूल होगा, जिसकी चर्चा शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश में होगी। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए होलीफेथ स्कूल के समस्त स्टाफ ने अपनी अहम भूमिका अदा की। संस्था की प्राचार्य ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



### खगोलीय घटनाक्रम से अवगत हुए छात्राएं

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में खगोलीय घटना दिन छोटी और रात बड़ी होने से छात्राओं को अवगत करवाया गया। यह घटना 21 दिसंबर को ही होती है। दिन की अवधि लगभग 10 घंटे 41 मिनट और रात की अवधि लगभग 13 घंटे 19 मिनट की होती है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने बताया कि यह खगोलीय घटना है, जो हर वर्ष होने वाली घटना है। भूगोल व्याख्याता मनहरन लाल भट्ट ने बताया कि आज से ही उत्तरायन प्रारंभ होगा और दिन के समय में थोड़ी थोड़ी वृद्धि होना चालू हो जाएगा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनीषा तिर्की, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी और अजय सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर एक दिवसीय गणित मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर एक दिवसीय गणित मेला का आयोजन किया गया।

मेले में गणित विषय से संबंधित व्यंजन सज्जा प्रतियोगिता, गणित चार्ट, गणित प्रदर्श (गणित मॉडल), रंगोली, चित्रकला जैसे विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र देवेश तिवारी ने किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य व वैदिक गणित जिला प्रमुख शिवकुमार कन्नौजे, बलराम सेन, अजय तांडी, कुंज पटेल, तुलसीराम पटेल, ललित कुमार सिन्हा, हेमंत साहू, पवन निर्मलकर, दिलीप टंडन, अश्वनी साहू, वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू, आचार्या दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, अनुराधा चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, साक्षी घोड़ीचोरे, तनूजा साहू, अर्चना साव, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, तनूजा साहू, संतोषी साहू, मल्लिका चंद्राकर व विद्यालय के समस्त दीदी, आचार्यो का सहयोग सराहनीय रहा।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 12 जनवरी 2025, 19 जनवरी 2025, 16 फरवरी 2025, 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 19 जनवरी से 24 जनवरी 2025
27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025
10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा Since-2007
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्व कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैंड, बलौदाबाजार